INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 1	Topic: Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

किसी राजमहल के द्वार पर एक साधु आया और द्वारपाल से बोला कि भीतर जाकर राजा से कहे कि उनका भाई आया है। द्वारपाल ने समझा कि शायद ये कोई दूर के रिश्ते में राजा का भाई हो जो संन्यास लेकर साधुओं की तरह रह रहा हो!

सूचना मिलने पर राजा मुस्कुराया और साधु को भीतर बुलाकर अपने पास बैठा लिया।

साधु ने राजा से पूछा – कहो अनुज, क्या हाल-चाल हैं तुम्हारे?

“मैं ठीक हूँ आप कैसे हैं भैया?”, राजा बोला।

साधु ने कहा- जिस महल में मैं रहता था, वह पुराना और जर्जर हो गया है। कभी भी टूटकर गिर सकता है। मेरे 32 नौकर थे वे भी एक-एक करके चले गए। पाँचों रानियाँ भी वृद्ध हो गईं और अब उनसे कोई काम नहीं होता...

यह सुनकर राजा ने साधु को 10 सोने के सिक्के देने का आदेश दिया। साधु ने 10 सोने के सिक्के कम बताए। तब राजा ने कहा, इस बार राज्य में सूखा पड़ा है, आप इतने से ही संतोष कर लें।

साधु बोला- मेरे पैर पड़ते ही समुद्र सूख जाएगा मेरे पैरों की शक्ति तो आप जानते हैं। अब राजा ने साधु को 100 सोने के सिक्के देने का आदेश दिया।

साधु के जाने के बाद मंत्रियों ने आश्चर्य से राजा से पूछा, “ क्षमा करें राजन, लेकिन जहाँ तक हम जानते हैं,आपका कोई बड़ा भाई नहीं है, फिर आपने इस ठग को इतना ईनाम क्यों दिया?”

राजन ने समझाया, “ देखो, भाग्य के दो पहलु होते हैं। राजा और रंक। इस नाते उसने मुझे भाई कहा।

जर्जर महल से उसका आशय उसके बूढ़े शरीर से था... 32 नौकर उसके दांत थे और 5 वृद्ध रानियाँ, उसकी 5 इन्द्रियाँ हैं। समुद्र के बहाने उसने मुझे उलाहना दिया कि राजमहल में उसके पैर रखते ही मेरा राजकोष सूख गया...क्योंकि मैं उसे मात्र दस सिक्के दे रहा था जबकि मेरी हैसियत उसे सोने से तौल देने की है। इसीलिए उसकी बुद्धिमानी से प्रसन्न होकर मैंने उसे सौ सिक्के दिए और कल से मैं उसे अपना सलाहकार नियुक्त करूँगा।

प्रश्न -1 किसी राजमहल के द्वार पर कौन आया था ?

* एक साधु   *एक राजा   * एक रंक   *एक मंत्री

प्रश्न -2 साधु को राजा के दूर के रिश्ते का भाई किस ने समझा था ?

* पहरेदार ने * द्वारपाल ने * राजपाल ने * सिपाही ने

प्रश्न -3 राजा ने भीतर बुलाकर किसे अपने पास बैठा लिया था ?

* साधु को * नौकर को * भाई को * रानी को

प्रश्न -4 जिस महल में मैं रहता था, वह पुराना और जर्जर हो गया है। कभी भी टूटकर गिर है- ऐसा किसने कहा था ?

*साधु ने * राजा ने * मंत्री ने * प्रजा ने

प्रश्न -5 साधु के नौकर तथा रानियाँ कितनी थीं?

* 30 नौकर तथा 2 रानियाँ थीं * 14 नौकर तथा 5 रानियाँ थीं
* 32 नौकर तथा 5 रानियाँ थीं * 16 नौकर तथा 5 रानियाँ थीं

प्रश्न -6 साधु का महल पुराना और जर्जर हो गया था ऐसी स्थिति में क्या हो सकता था ?

*महल कभी भी टूटकर गिर सकता था। * महल टूटकर नहीं गिर सकता था।
*महल प्रजा को दिया सकता था। * महल नया बनाया जा सकता था।

प्रश्न -7"क्षमा करें राजन, लेकिन जहाँ तक हम जानते हैं आपका कोई बड़ा भाई नहीं है, फिर आपने इस ठग को इतना ईनाम क्यों दिया?" राजा से किसने पूछा?

*मंत्रियों ने *ठग ने *साधु ने * सेनापति ने

प्रश्न -8 साधु की बुद्धिमानी से प्रसन्न होकर राजा साधु को सोने के कितने सिक्के दिए ?

*100 सिक्के *200 सिक्के *300 सिक्के * 400 सिक्के

प्रश्न -9 राजा साधु को क्या नियुक्त करना चाहता था ?

*अपना सलाहकार *अपना सेनापति *अपना मंत्री * अपना रक्षक

प्रश्न -10 गद्यांश में से ढूँढ़कर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए

*1 अनेक - ---------------- *2 रंक - ----------------
*3 बाहर - ---------------- *4 नया - ----------------

****